कार्यालय जिलामजिस्ट्रेट गाजियाबाद।

पत्रांक 723 /जे0ए0-2/सरदार पटेल जयन्ती/2022 दिनांक 25 अक्टूबर, 2022

1– वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, गाजियाबाद।
2– मुख्य विकास अधिकारी, गाजियाबाद।
3– नगर आयुक्त, नगर निगम गाजियाबाद।
4– सचिव, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण।
5– समस्त अपर जिलाधिकारीगण, जनपद गाजियाबाद।
6– समस्त उप जिलाधिकारीगण/तहसीलदारगण, जनपद गाजियाबाद।
7– प्रभारी अधिकारी (नजारत/सं0का0), गाजियाबाद।
8– जिला विकास अधिकारी, गाजियाबाद।
9– जिला कार्यक्रम अधिकारी, गाजियाबाद।
10– जिला विद्यालय निरीक्षक/बेसिक शिक्षा अधिकारी, गाजियाबाद।
11– जिला सूचना अधिकारी, गाजियाबाद।

प्र0 का0 स्टेट

सचिव 29/10/22

विषय :– दिनांक 31 अक्टूबर, 2022 को भारत रत्न, लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयन्ती को "राष्ट्रीय एकता दिवस" के रूप में मनाये जाने के सम्बन्ध में।

कृपया उपरोक्त विषयक प्रमुख सचिव, संस्कृति विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ द्वारा अपने पत्र संख्या 2292/चार–2022 दिनांक 14–10–2022 के अन्तर्गत दिनांक 31 अक्टूबर, 2022 को भारत रत्न, लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयन्ती के अवसर पर वर्णित किया गया है कि भारत के राजनीतिक एकीकरण मे प्रमुख भूमिका निभाने वाले सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयन्ती दिनांक 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप मे मनाये जाने की शुरूआत सन 2014 मे की गई थी। इस अवसर पर गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आधिकारिक बयान मे कहा गया कि "राष्ट्रीय एकता दिवस हमारे देश की अन्तर्निहित ताकत और लचीलापन को फिर से जोडने, एकता और अखण्डता के लिए वास्तविक व सम्भावित खतरों का सामना करने का अवसर और हमारे देश को सुरक्षा प्रदान करेगा।" उक्त अवसर पर निम्न कार्यक्रम आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये है :–

2– इस अवसर पर सभी सरकारी कार्यालयों में सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करते हुए राष्ट्रीय एकता पर आधारित शपथ का पढ़ा जाए।

3– माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा सभी जनपदों में सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जीवनी, कार्य एवं दर्शन पर आधारित क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए। प्रतियोगिता भाग लेने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र तथा प्रथम/द्वितीय/तृतीय पुरूस्कार प्राप्त विजेताओं को पुरस्कार राशि दी जाये। प्रतियोगिता की नियम व शर्ते माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित की जाएगी।

4– कार्यक्रम के प्रचार प्रसार सम्बन्धी कार्य सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा किया जाए। इस अवसर पर विभाग द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल जी पर आधारित पुस्तकों की सचल वाहन प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाए।

5– संस्कृति विभाग द्वारा अपने सभी निदेशालयों/अकादमियों/संस्थानों द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस को समर्पित विशेष कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई जाये तथा प्रदेश में स्थानों का चयन कर जन सहभागिता को सुनिश्चित करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम/प्रदर्शनी का आयोजन किया जाए।

6– युवा कल्याण विभाग द्वारा ग्रामीण स्तर पर युवक मंगल दलों एवं महिला मंगल दलों के सहयोग से व्यापक प्रचार–प्रसार करते हुए प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले युवाओं को जोडकर पटेल जयन्ती का आयोजन किया जाए। नेहरू युवा केन्द्र तथा ग्रामों के कार्यरत विभिन्न स्वयंसेवी संस्थानों के युवक मंगल दलों के सहयोग से विभाग द्वारा कार्ययोजना तैयार कर इस अवसर पर आयोजन सुनिश्चित किये जाएं।

7– अतएव उपर्युक्त निर्देशों के अन्तर्गत राष्ट्रीय एकता दिवस पर अन्य समस्त विभागों द्वारा अपने स्तर से कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करते हुए आयोजन सुनिश्चित किये जाऐं। आयोजनों के फोटोग्राफ तथा कार्यक्रम सम्बन्धी विवरण संस्कृति निदेशालय के पोर्टल–www.culturalevents.in पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

7584/PRO
29/10/2022

(राकेश कुमार सिंह)
जिलामजिस्ट्रेट,
गाजियाबाद।

प्रतिलिपि :– जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, गाजियाबाद को शासन के पत्र की प्रति संलग्न कर इस निर्देश से कि वांछित सूचना सम्बन्धित विभागों से संकलित कर अपनी देखरेख में पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें। (संलग्न :– यथोपरि।)

जिलामजिस्ट्रेट
गाजियाबाद।

Scanned with CamSc

पत्रांक 721

[redacted]

## राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ

मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूँगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूँगा । मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूँ जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा ~~सका~~। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूँ ।

## RASHTRIYA EKTA DIWAS PLEDGE

I solemnly pledge that I dedicate myself to preserve the unity, integrity and security of the nation and also strive hard to spread this message among my fellow countrymen. I take this pledge in the spirit of unification of my country which was made possible by the vision and actions of Sardar Vallabhbhai Patel. I also solemnly resolve to make my own contribution to ensure internal security of my country.

Scanned with CamSc

कार्यालय जिलामजिस्ट्रेट गाजियाबाद।

पत्रांक 724 / जे0ए0-2 / सरदार पटेल जयन्ती / 2022 दिनांक: 28 अक्टूबर, 2022

1- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, गाजियाबाद।
2- मुख्य विकास अधिकारी, गाजियाबाद।
3- नगर आयुक्त, नगर निगम गाजियाबाद।
4- सचिव, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण।
5- अधीक्षक, जिला कारागार, गाजियाबाद।
6- समस्त उप जिलाधिकारीगण / तहसीलदारगण, जनपद गाजियाबाद।
7- प्रभारी अधिकारी (नजारत / सं0का0), गाजियाबाद।
8- जिला कीडा / कार्यकम अधिकारी, गाजियाबाद।
9- जिला विद्यालय निरीक्षक / बेसिक शिक्षा अधिकारी, गाजियाबाद।
10- जिला सूचना अधिकारी, गाजियाबाद।

---

विषय :- दिनांक 31-10-2022 को भारत रत्न, लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयन्ती राष्ट्रीय एकता दिवस को उत्साह के साथ भव्य तरीके से मनाये जाने के सम्बन्ध में।

---

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक सचिव, गृह (पुलिस) अनुभाग-3, उ0प्र0 शासन द्वारा अपने पत्र संख्या यू0ओ0-74 / 6-पु-3-2022 दिनांक 25-10-2022 के अन्तर्गत मा0 गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री, भारत सरकार के अ0शा0 पत्र संख्या 1-19034 / 01 / 2022 एनआई-2, दिनांक 17-10-2022 में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में निर्देश दिये गये हैं कि दिनांक 31-10-2022 को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में पूरे देश में बडे उत्साह के साथ मनायी जाती है। यह अवसर हमें राष्ट्र की सुरक्षा, एकता और अखंडता को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ करने का एक उत्तर अवसर प्रदान करता है। इस सम्बन्ध में लिये गये निम्नवत निर्णयों से अवगत कराया गया है :-

- इस वर्ष भी 31 अक्टूबर, 2022 को स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, केवडिया, गुजरात में देश के सभी क्षेत्रों के पुलिस बल और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की भागीदारी के साथ राष्ट्रीय एकता दिवस परेड का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देशवासियों की ओर से सरदार पटेल की प्रतिमा की "पद पूजा" के साथ उन्हें श्रद्धांजली अर्पित की जाएगी।
- राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर देश के 750 जिलों में शिक्षा एवं खेल मंत्रालय के माध्यम से समाज के सभी वर्गों के लोगों को शामिल करते हुए 75,000 एकता दौड (Unity Run) के लक्ष्य को हासिल करने के लिए देश के प्रत्येक जिले में कम-से-कम 100 एकता दौड (Unity Run) के आयोजन करने होंगे। इसके साथ ही दिल्ली में भी एकता दौड (Unity Run) का आयोजन किया जाएगा।
- हमारी स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में पूरे देश के कारागृहों में अनेक कार्यकम आयोजित किए गए और इन कार्यकमों में कैदियों ने काफी उत्साह से भाग लिया। इसलिए सुझाव है कि इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता को केन्द्र में रखकर कारागृहों में भी कार्यकम आयोजित किए जाएं।

2- उक्त के आलोक में 31 अक्टूबर, 2022 को पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाने हेतु निम्नलिखित कार्यकमों के साथ-साथ अन्य उपयुक्त कार्यकम भी आयोजित किये जा सकते हैं :-

- राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जाए।
- एकता, अखंडता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने के लिए, जहाँ भी संभव हो, राज्य पुलिस और अन्य वर्दीधारी बलों या इकाईयों और अन्य एजेंसियों द्वारा मार्च पास्ट का आयोजन किया जाए।
- प्रत्येक जिले में कम से कम 100 एकता दौड (Unity Run) के आयोजन किए जाएं।
- कारागृहों में राष्ट्रीय एकता को केन्द्र में रखकर कार्यकम आयोजित किए जाएं।

अत अनुरोध है कि कृपया शासन द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुपालन में वांछित कार्यकम आयोजित किये जाने हेतु अपने स्तर से कार्यवाही करने का कष्ट करें। उक्त के अतिरिक्त प्रमुख सचिव, संस्कृति विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुकम में कार्यालय पत्र संख्या 723 / जे0ए0-2 / गा0बाद दिनांक 25-10-2022 के द्वारा सर्वसम्बन्धित को पत्र प्रेषित किया जा चुका है। कृपया आयोजनों के फोटोग्राफ तथा कार्यकम सम्बन्धी विवरण संस्कृति निदेशालय के पोर्टल-www.culturalevents.in पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

28/10

(ऋतु सुहास)
अपर जिलामजिस्ट्रेट (प्रशासन),
गाजियाबाद।

प्रतिलिपि :- जिलामजिस्ट्रेट महोदय को सादर प्रेषित।

अपर जिलामजिस्ट्रेट (प्रशासन),
गाजियाबाद।

Scanned with CamScanner